# दक्षिण रेलवे
# SOUTHERN RAILWAY

## मदुरै मंडल
## MADURAI DIVISION

## प्रवीण परीक्षा से संबंधी गाईड
## GUIDE FOR PRAVEEN EXAMINATION

# सहायक साहित्य
# HELP LITERATURE

प्रकाशक Issued by
राजभाषा विभाग, मदुरै मंडल
Rajbhasha Department, Madurai Division

वी.आर.लेनिन
V.R.LENIN
मंरेप्र DRM



## आमुख

दक्षिण रेलवे, मदुरै मंडल के हिंदी विभाग, कर्मचारियों के लाभार्थ, उपयोगार्थ कई सहायक साहित्य प्रकाशित करता आ रहा है। पिछले पांच साल में यह 48वाँ प्रकाशन है।प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ तीन स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस वर्ष **प्रवीण परीक्षा उपयोगी सहायक साहित्य का** प्रकाशन किया जा रहा है।

इस शुभ अवसर पर कर्मचारियों से आग्रह करूंगा कि इसका भरपूर लाभ उठावे और अपने ज्ञानार्जन में आगे बढे।

आशा है कि इससे मदुरै मंडल में हिंदी की प्रगति और तेज गति से होगी।

Yours sincerely,

(V.R.Lenin)

वी.आर.लेनिन

........................................................................................................................................................

ललित कुमार मनसुखानी
Lalit Kumar Mansukhani
अमंरेप्र व अमुराधि
ADRM & AMRA



## आमुख

हिंदी सीखना बहुत सरल है। सरलतर, सरलतम बनाने के कार्य में मदुरै मंडल हमेशा अगुआ है। कोविड-19 महामारी के कारण हिंदी वर्ग के पिछले दो सत्र ऑन-लाइन हो गया था। कर्मचारियों के सुविधार्थ, **प्रबोध** सहायक साहित्य का विमोचन पिछले वर्ष किया गया था।

उसी क्रम में अब अगली परीक्षा **प्रवीण** के लिए सहायक साहित्य निकाला जा रहा है। यह एक संपूर्ण परीक्षा उपयोगी गाइड होगा। यह सहायक साहित्य कर्मचारी जो ऑन लाइन द्वारा पढ़ते हैं, उनके लिए वर-सा साबित होगा।

**मदुरै मंडल के हिंदी विभाग के अथक प्रयास सराहनीय है।**

ललित कुमार मनसुखानी
Lalit Kumar Mansukhani

# प्रवीण PRAVEEN निबंध/ESSAYS

## 1. उड़ीसा की सैर

लेखक ने छुट्टी यात्रा रियायत लेकर उड़ीसा जाने का कार्यक्रम बनाया. वे अपने परिवार के साथ करना चाहते थे.

वे पहले उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर पहुँचे. वहाँ से पुरी 52कि.मी.दूरी पर है. पूरी में भगवान श्रीकृष्ण, बलभद्र और सुभद्रा की काठ की मूर्तियां स्थापित हैं. हर साल इन्हें रथ में बिठाकर यात्रा निकाली जाती है. पुरी को मंदिरों की नगरी कहा जाता है.

पुरी में बच्चों के साथ समुद्र में स्नान करके शंख, सीपी से बनी कुछ चीजें खरीदकर वापस लौटे. दो दिनों के बाद उड़ीसा के प्रमुख पर्यटन केंद्र देखने टूरिस्ट बस में निकले.पहले चंद्रभागा नदी देखकर कोर्णाक पहुँचे जो शिल्पकला के लिए प्रसिद्ध है. फिर कोणार्क सूर्य मंदिर का आनंद लिया. इसके बाद कलिंग युद्धभूमि देखी, जहाँ सम्राट अशोक ने युद्ध की. दोपहर को भुवनेश्वर लौटे और लिंगराज मंदिर देखा. यह 108 मंदिरों का परिसर प्रसिद्ध है. उसके बाद नंदकानन, जैन गुफाएँ, चिल्का झील देखा. उड़ीसा की यात्रा से लेखक और उनका परिवार प्रसन्न हुए.

## 2.मिट्टी की गाडी

संस्कृत में लिखे गए इस नाटक के लेखक श्री शूद्रक हैं. इसमें समाज की अच्छाइयाँ और बुराइयॉ का वर्णन किया है.

धनी परिवार के चारुदत्त को व्यापार में नष्ट होने के कारण गरीबी में था. मगर चरित्र से गुणवान था. उसकी पत्नी द्यूता थी और एक बच्चा था.

बसंतसेना नाम की गणिका चारुदत्त को चाहती है. राज्य में अतयाचार बढ़ रहा था. राजा निश्चित रहते थे. डर के मारे बसंतसेना अपनी गहनों को चारुदत्त के पास रखवा दिए. मगर जब उसकी चोरी हो जाती है अपने पति को अपमान से बचाने के लिए द्यूता अपना बहु मूल्य हार बसंतसेना को भेजती है.

बसंतसेना को अपने आभूषण वापस मिल जाती तो, उसे उस मिट्टी की गाडी को लेकर चारुदत्त के घर पहुंचती है. वहाँ उसके बच्चे को कीमती खिलौने के लिए रोता पाकर, अपने आभूषण से भर देती है. लौटते वक्त वह रथ बदल जाने के कारण निर्णित स्थान पहुँच जाती है. समय पाकर राजा के साला शंकर उसकी हतया करने की कोशिश करता है और चारुदत्त पर इसका आरोप लगाता है. उसे मृत्यु दंड सुनाया जाता है.

इस फैसले से जनता बड़क उठता है और इस बीच बसंतसेना को होश आ जाता है. सभी खबर सुनकर चारुदत्त को बचाने के लिए दौड़ आती है. भीड़ को देखकर शंकर को अपनी जान बचाना मुश्किल हो जाता है. अंत में प्रजा एक योग्य और न्यायप्रिय व्यक्ति को राजा बनाती है.

## 3.हमारे चुनाव

भारत देश विश्व का सबसे बडा लोकतंत्र है. हम अपने प्रतिनिधियों को स्वयं चुन लेते हैं.

लोक सभा और विधान सभा के लिए पाँच वर्ष में एक बार चुनाव होता है. चुनाव आयोग ही इस आम चुनाव का काम संभालता है. वह स्वतंत्र और निष्पन्न चुनाव कराता है. यह आयोग एक सांविधिक संस्था है.

चुनाव की घोषणा होने पर राजनीतिक कार्रवाई तेज हो जाती है. विभिन्न दल घोषणा पत्र जारी करते हैं. जन सभाएँ होती हैं. नई-नई योजनाएँ बनाकर चुनाव जीतने के प्रयत्न किए जाते हैं. दलों का तीव्र प्रचार होता है.

चुनाव के समय राजनीति का अपराधीकरण भी होता है. आयोग और अदालते इसे रोकने के लिए कदम उठाती हैं.

वोट देना हर एक नागरिक का पवित्र कर्तव्य है. हमें सज्जन, योग्य और ईमानदार उम्मीदवार को ही मत (Vote) देना चाहिए. ऐसे व्यक्ति ही अच्छे नेता बनेंगे और देश को विकास के रास्ते पर ले जाएँगे. तभी हमारा प्रजातंत्र भी अधिक मजबूत होगा.

## 4.श्रीनगर

कश्मीर की घाटी में, झेलम नदी के तट पर, समुद्रतल से लगभग 1730मीटर की ऊँचाई पर है श्रीनगर. झील में, पर्यटक नौका विहार का आनंद लेते हैं. व्यापारी छोटे आकार की लंबी नावों (शिकारा) में व्यापार करते हैं.

डल झील के पूर्वी किनारे में चश्मेशाही, निशात तथा शालीमार बाग हैं. डल झील के पश्चिमी किनारे पर एक ओर हज़रत बल की मसजिद है व दूसरी ओर हरि पर्वज्ञ की चोटी पर श्री शंकराचार्य का मंदिर है.

श्रीनगर हस्तशिल्प के लिए विख्यात है. लकड़ी तथा बर्तनों पर नक्काशी, कश्मीरी कढ़ाई, कालीन की बुनाई, पेपर मेशिये कश्मीर की विशिष्टता है.

सर्दी में तापमान शून्य से नीचे तक पहुँच जाता है. डल झील भी बर्फ का मैदान बन जाती है. लोग फ़िरन पहनते हैं. यहाँ के लोग मेहनती व मिलनसार हैं.

फिरदौस ने कहा था - "अगर इस धरती पर कहीं स्वर्ग है तो यहीं है, यहीं है".

## 5.अमर-आश्रम

अमर एक अमीर का बेटा था. उसके पिता की इच्छा थी कि वह बडा होकर अच्छे काम करे और अपना नाम अमर करे.

अमर ने अपने खेत के पास रेत इकट्ठा करके अपना नाम लिख दिया. लेकिन तेज हवा के कारण रेत उड गया. फिर अपना नाम एक वृक्ष के तने की छाल पर लिख दिया. एक अंधड के कारण, वृक्ष का तना टूट गया. फिर एक प्राचीन भवन की दीवार पर लिख दिया. दुर्भाग्य से उस दीवार ढह गई. उसके बाद एक चन में लिखा. वह भी पानी में बह गया. उसका नाम अमर होने का सपना चूर-चूर हो गया.

उनके गांव में एक संत आए. उन्होंने कहा कि नाम अमर करना है तो उसे लोगों के हृदय पर लिखना जरूरी है और ऐसा काम करना है जिससे लोग आपको याद रखें.

उसने अपने घर को आश्रम में बदल दिया और पूरा जीवन जन सेवा में लगा दिया. उनका घर अमर आश्रम से प्रसिद्ध हुआ और उनका नाम भी अमर रह गया.

## 6.सपनों का महल

शिवनाथ बाबू मुंबई में नौकरी करते थे. सेवानिवृत्ति के बाद वे शांति से जीवन बिताना चाहते थे. इसलिए वे नासिक में मकान बनवा रहे थे. उनका परिवार नासिक में ही था.

आखिर, सेवानिवृत्त होकर वे नासिक पहुँचे और घर की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली. वे बच्चों को उपदेश देते थे और टोकते थे. यह बच्चों को पसंद नहीं आया. उनकी पत्नी भी उनके साथ बाहर टहलने के लिए तैयार नहीं थी.

शिवनाथ बाबू ने सोचा कि उनका नासिक में रहना परिवार को पसंद नहीं था. वे मुंबई वापस जाने के बारे में सोचने लगे.

फिर भी एक दिन उन्होंने सबको बुलाया और कहा- "माँ-बाप बच्चों की भलाई के लिए ही हर काम करते हैं, इसमें क्या बुराई है ?"तब उनकी पत्नी और बच्चों को अपनी भूल समझ में आई. उन्होंने बाबू से माफ़ी माँगी. उन्होंने नासिक नहीं छोड़ा.

अब शिवनाथ बाबू का सपनों का महल आनंद का महल बन गया.

## 7.यूनीसेफ

संयुक्त राष्ट्र संघ के अधीन विश्व भर में कार्य करने वाली संस्था को यूनीसेफ अर्थात् संयुक्त राष्ट्र बाल शिक्षा निधि के नाम से जाना जाता है. यह संस्था बच्चों के विकास, बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनकी प्रगति के लिए विश्वभर में कार्य करती है.

हर बच्चा जन्म से अपना नाम, राष्ट्रीय पहचान, उचित देखभाल, अच्छा स्वास्थ्य और शिक्षा पाने का अधिकारी होता है. यूनीसेफ, सदस्य देशों की सरकारों से बच्चों के हितों के लिए कानून बनवाती है.

बच्चों के लिंग भेद को समाप्त कर यूनीसेफ उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार सुनिश्चित करवाती है. यह विभिन्न देशों की सरकारों से बच्चों को साफ-सफाई, पेयजल, बुनियादी शिक्षा की सुविधाएँ उपलब्ध करवाती हैं. बच्चों को शोषण एवं उत्पीड़न से मुक्त कर स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास करती है.

नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को कम करने, गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने के लिए संतुलित भोजन वितरित करवाने एवं आवश्यक टीकाकरण अभियान भी चलाती है. इस संस्था स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से आम जनता को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करवाती है. यूनीसेफ बच्चों की दृष्टिहीनता, पोलियो निवारण के साथ घेंघा रोग, काली खाँसी, गलघोंटू से बचाव हेतु विटामिन ए, आयोडीन तथा अन्य दवाइयाँ भी उपलब्ध करवाती है. यह अपने कार्यक्रमों को विश्व की सरकारों, स्वैच्छिक संस्थाओं और व्यक्तियों के माध्यम से लागू करवाती है.

## 8.स्वामी विवेकानंद

उन्नीसवीं शताब्दी में भारत में अनेक महापुरुष पैदा हुए थे. उनमें स्वामी विवेकानंद भी एक थे.

विवेकानंद का जन्म 1863में हुआ था. बचपन में उनका नाम नरेंद्र था. उनकी बुद्धि और स्मरण शक्ति तेज थीं. पढाई, पुस्तकों और संगीत में उनकी विशेष रुचि थी. उन्होंने कोलकाता में बी.ए.पास की. पुस्तकीय ज्ञान के अलावा वे सत्य पर आधारित ज्ञान प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील थे.

विवेकानंद कुछ समय के लिए ब्रह्म समाज से जुडे थे. जनवरी, 1882में वे रामकृष्ण परमहंस से मिले और उनसे प्रभावित हो गए. तबसे लोग उन्हें स्वामी विवेकानंद कहने लगे.

11सितंबर, 1893को शिकागो में हुई विश्व धर्म महासभा में उन्होंने भाषण दिया. उसे सुननेवाले सभी लोग मोहित हो गए. उसके बाद वे विश्व-प्रसिद्ध हो गए.

स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व गंभीर और आकर्षक था. उनकी वाणी में जादू था. वे कहते थे कि काम ही सच्ची उपासना है और ईमानदारी ही सच्चा धर्म है. ईश्वर से मिलने के लिए जीवन में कर्म ही सही मार्ग है.

स्वामी विवेकानंद उपदेशक थे, वे समाज सुधारक भी थे. वे सदा गरीबों का उत्थान, नारी-शिक्षा, नारी स्वतंत्रता आदि पर जोर देते थे.

भारतवासी स्वामी विवेकानंद के जन्म दिन को युवा दिवस के रूप में मनाते हैं.

## 9.परीक्षा

देवगढ़ के दीवान सुजान सिंह बूढे हो गए थे और सेवा से निवृत्त होना चाहते थे. राजा ने नए दीवान को चुनने का काम इनको ही दे दिया.

एक महीने तक उम्मीदवारों के रहन-सहन आदि की परीक्षा होनेवाली थी. जो व्यक्ति उसमें सफल होगा वही दीवान बनेगा. सभी उम्मीदवार अपने को अच्छा दिखाने की कोशिश में थे.

एक दिन सब उम्मीदवार हॉकी खेलकर वापस जा रहे थे. रास्ते में एक नाला था. उसमें एक किसान की भारी गाडी फँस गई थी. किसान उसे बाहर नहीं निकाल पाया. सभी उम्मीदवारों ने किसान की ओर देखा भी नहीं. सबके पीछे एक घायल उम्मीदवार आ रहा था. किसान को देखते ही उसने उसका कष्ट जान लिया. चोट के बावजूद उसने किसान की मदद करके गाडी को बाहर निकाला. दीवान ही किसान के वेश में थे.

चुनाव का दिन आया. सुजान सिंह बोले कि देवगढ के लिए एक अच्छे दीवान मिल गए हैं. जो आदमी को चोट लगने पर भी आत्म बल और दया दिखाकर एक गरीब किसान का दुख दूर करता है, वह गरीबों को कभी कष्ट नहीं देगा. पंडित जानकीनाथ ऐसे आदमी हैं. वे ही रियासत के दीवान बनेंगे.

## QUESTION & ANSWER

### पाठ - 1 उड़ीसा की सैर

1. लेखक ने छुट्टी यात्रा रियायत लेकर कहाँ जाने का कार्यक्रम बनाया ?
   लेखक ने छुट्टी यात्रा रियायत लेकर भारत के पूर्व में स्थित उड़ीसा जाने का कार्यक्रम बनाया.
2. भगवान जगन्नाथ की नगरी किसे कहा जाता है ?
   भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी को कहा जाता है.
3. जगन्नाथ मंदिर में किनकी मूर्तियॉ स्थापित हैं ?
   जगन्नाथ मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण, बलभद्र एवं सुभद्रा की मूर्तियाँ स्थापित हैं.
4. पुरी के समुद्र में किस नदी का संगम होता है ? \
   पुरी के समुद्र में चंद्रभागा नदी का संगम होता है.
5. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस लिए विश्व प्रसिद्ध है ?
   कोणार्क का सूर्य मंदिर अपनी भव्य शिल्पकला के कारण विश्व प्रसिद्ध है.
6. लिंगराज मंदिर कितने मंदिरों का परिसर है ?
   लिंगराज मंदिर 108 मंदिरों का परिसर है.

### पाठ - 2मिट्टी की गाड़ी

1. यह नाटक किस भाषा का है ? इसे किसने लिखा ?
   यह नाटक संस्कृत भाषा का है. इसे श्री शूद्रक ने लिखा है.
2. नाटक के नायक चारुदत्त के बारे में बताइए ?
   नाटक का नायक चारुदत्त धनी परिवार से है. व्यापार में घाटा होने के कारण गरीबी में जीता है. धन के नाम पर उसके पास चरित्र और यश रह गया.
3. चारुदत्त को अपमान से बचाने के लिए उसकी पत्नी ने क्या किया ?
   चारुदत्त को अपमान से बचाने के लिए पत्नी ने बहुमूल्य हार बसंतसेना के पास भेज दिया.
4. चारुदत्त पर झूठा आरोप कौन लगाता है ?
   राजा का साला शंकर चारुदत्त पर झूठा आरोप लगाता है.
5. क्या चारुदत्त को मृत्यु दंड मिला ?
   नहीं चारुदत्त को मृत्यु दंड नहीं मिला.
6. प्रजा कैसे व्यक्ति को अपना राजा चुनती है ?
   प्रजा ऐसे व्यक्ति को अपना राजा चुनती है, जो योग्य और न्यायप्रिय होता है.
7. “मृच्छकटिकम्” नाटक की स्थितियाँ आज भी विश्वसनीय क्यों लगती हैं ?
   “मृच्छकटिकम्” नाटक की स्थितियाँ आज भी विश्वसनीय लगती हैं क्योंकि उसमेंसमाज की अच्छाइयों और बुराइयों का वर्णन है.

## <u>पाठ - 3</u>

## <u>मकान के लिए ऋण</u>

1. प्रशांत क्यों चिंतित है ?

   प्रशांत इस लिए चिंतित है कि नगर आवास विकास प्राधिकरण के एक फ्लैट खरीदना है, उसके लिए पैसे का इंतजाम करना है.

2. प्रशांत को फ्लैट धन कब चाहिए ?

   प्रशांत को फ्लैट के लिए धन तीन महीने के अंदर चाहिए.

3. प्रशांत को मकान के लिए कितने रुपए चाहिए ?

   प्रशांत को मकान के लिए दस लाख रुपए चाहिए.

4. कार्यालय से कितने महीने के मूल वेतन के बराबर ऋण मिलता है ?

   कार्यालय से पचास माह के मूल वेतन के बराबर ऋण मिलता है.

5. सामान्य भविष्य निधि से अंतिम निकासी कितने साल बाद होती है ?

   सामान्य भविष्य निधि से अंतिम निकासी पंद्रह साल बाद होती है.

6. सामान्य भविष्य निधि से कितने प्रतिशत अंतिम निकासी के रूप में निकाली जा सकती है ?

   सामान्य भविष्य निधि से नब्बे प्रतिशत राशि अंतिम निकासी के रूप में निकाली जा सकती है

7. सहकारी समिति किसे ऋण देती है ?

   सहकारी ऋण समिति के सदस्य हो तो ऋण देती है.

## <u>पाठ – 4</u>

## <u>ट्रैवल एजेंट से बातचीत</u>

1. पर्यटक कहाॅ की यात्रा करना चाहता है ?

   पर्यटक अपने परिवार के साथ दक्षिण भारत की यात्रा करना चाहता है.

2. पर्यटक दक्षिण भारत में कौन-कौन से शहर घूमना चाहता है ?

   पर्यटक दक्षिण भारत में मैसूर, चेन्नै, मदुरै और कन्याकुमारी आदि घूमना चाहता है.

3. ट्रेवल एजेंट ने कौन-कौन से स्थान देखने का सुझाव दिया ?

   ट्रेवल एजेंट ने बेंगलूर, मैसूर, चेन्नै, कन्याकुमारी और लौटने समय मदुरै और कोडैकेनाल देखने का सुझाव दिया.

4. ट्रेवल एजेंट ने प्रथम श्रेणी का रेल किराया कितना बताया ?

   रेल किराया ए.सी द्‌वितीय श्रेणी में लगभग चालिस हज़ार रुपए होगा.

5. मैसूर में कौन-कौन से दर्शनीय स्थल हैं ?

   मैसूर में रॉयल पैलस, टीपू सुल्तान का किला, वृंदावन गार्डन आदि देखने लायक स्थान हैं.

6. पॉच लोगों के लिए कुल मिलाकर कितना किराया होगा ?

   पॉच लोगों के लिए दो लाख रूपये किराया होगा.

## पाठ – 5
## हमारे चुनाव

1. चुनाव आयोग का क्या कार्य है ?
   चुनाव आयोग हर पाँच वर्ष बाद लोक सभा और विधान सभा के लिए आम चुनाव करवाता है.
2. राजनीतिक दलों में हलचलें क्यों बढ़ जाती हैं ?
   चुनाव जीतने के लिए राजनीतिक दलों में हलचल बढ़ जाती हैं.
3. चुनाव जीतने के लिए क्या क्या युक्तियाँ अपनाई जाती हैं ?
   चुनाव घोषणा पत्र जारी करते हैं. पोस्टर, नारे, अपीलें आदि छपवाते हैं. छोटे-बडे नेताओं के बडे-बडे कट-आउट रखते हैं. चुनाव सभा और रेलियों आयोजित करते हैं.
4. मतदान में हमारा क्या कर्तव्य है ?
   मतदान हर नागरिक का कर्तव्य है. जागरूक नागरिक होने के नाते हमें अपने मताधिकार का प्रयोग बहुत सोच-समझकर करना चाहिए.
5. कैसे प्रत्याशी को अपना मत देना चाहिए ?
   वोट डालते समय किसी धर्म, जाति और भाषा आदि पर विचार किए बिना कर्मठ और ईमानदार प्रत्याशी को ही मत देना चाहिए.
6. चुनाव आयोग किस के लिए चुनाव करवाता है ?
   लोकतंत्र में जनता अपनी प्रतिनिधियों का चुनाव स्वयं करती है. इसलिए चुनाव आयोग चुनाव करवाता है.

## पाठ-6
## नियुक्ति की प्रक्रिया

1. मनोहर क्या चाहता है ?
   मनोहर कोई सरकारी नौकरी चाहता है.
2. चाचाजी किस पद पर कार्यरत हैं ?
   चाचाजी दिल्ली में केंद्रीय सचिवालय में वित्त सलाहकार पद पर कार्यरत हैं.
3. भर्ती की कौन-कौन सी प्रक्रियाएँ हैं ?
   संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग और राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षाएँ आयोजित करते हैं. उस परीक्षा में सफल होने पर साक्षात्कार केलिए बुलाया जाता है.
4. आवेदन पत्र में कौन-कौन सी बातें स्पष्ट की जाती हैं ?
   आवेदन पत्र में पदनाम, आयुसीमा, अर्हताएँअनुभव आदि बातें स्पष्ट की जाती हैं.
5. आवेदकों को साक्षात्कार के लिए कब बुलाया जाता है ?
   यदि लिखित परीक्षा ली जाती है तो उस के बाद योग्यता क्रम के अनुसार सूची बनाई जाती है. इस सूची के आधार पर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है.
6. दिल्ली लौटते समय चाचाजी ने मनोहर को क्या सलाह दी ?
   दिल्ली लौटते समय चाचाजी ने कहा कि मनोहर समाचार पत्रों के अलावा रोजगार संबंधी पत्रों को भी देखते रहे. जब उसके लायक कोई पद निकलेगा तो वे उसे तत्काल सूचित करेंगे.

## पाठ-7

## बीमारी

1. बिना डॉक्टर की सलाह के दवा क्यों नहीं लेनी चाहिए ?
   बिना डॉक्टर की सलाह के दवालेने पर तबीयत खराब हो जाएगी.
2. इलाज करने से पहले टेस्ट क्यों करवाए जाते हैं ?
   उचित और अच्छी तरह इलाज करने के लिए टेस्ट की आवश्यकता है.
3. दूसरा टेस्ट क्यों नहीं करवाया ?
   दूसरा टेस्ट बहुत महँगा होने के कारण नहीं करवाया.
4. बीमार होने पर दूध, फल और सब्जियाँखाना क्यों आवश्यक है ?
   शरीर में हुए थकान मिटाने के लिए दूध, फल और सब्जियाँ खाना आवश्यक है.
5. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभार्थी कौन हैं ?
   सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारी, केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभार्थी हैं.
6. किस तरह सरकारी अस्पताल में टेस्ट कराया जा सकता है ?
   सरकारी अस्पताल में बिना कोई भुगतान टेस्ट कराया जा सकता है.

## पाठ-8

## प्राकृतिक आपदाएँ

1. प्राकृतिक आपदा किसे कहते हैं ?
   पर्यावरण असंतुलन और धरती की आंतरिक हलचल जब अपने भयानक रूप में प्रकट होती है तब इसे प्राकृतिक आपदा कहते हैं.
2. कुछ प्राकृतिक आपदाओं के नाम बतायें ?
   बाढ़, सूखा, भूकंप, ज्वालामुखी तथा तूफान आदि.
3. बाढ़ आने पर हमें किन कठिनाइयों का सामना करना पडता है ?
   बाढ़ आने पर फसलें नष्ट हो जाती हैं. अनेक गॉव, नगर और बस्तियॉ डूब जाती हैं. बिजली, पानी अस्त-व्यस्त हो जाती हैं. रेल गाडियॉ रद्द हो जाती हैं.
4. भूकंप क्यों आता है ?
   धरती की आंतरिक हलचल के कारण भूकंप आता है.
5. समुद्री तूफान से बचाने के लिए कौन-सी पूर्व सावधानी आवश्यक है ?
   समुद्री तूफान के पूर्व नाविकों और मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी रेडियो, दूरदर्शन, सार्वजनिक घोषणा अथवा अन्य जनमाध्यमों द्वारा दी जाना चाहिए.

## पाठ-9

## भूमंडलीकरण

1. समाचार पत्र में किस का लेख छपा था ?
   समाचार पत्र में श्रीमती सुधा, उप निदेशक, पर्यावरण व वन मंत्रालय का लेख छपा था.
2. पहले हमारे उद्योग पिछडे क्यों थे ?

उन्नत तकनीक के अभाव में हमारे उद्योग पिछडे थे.

3. नए उद्योग लगने से क्या लाभ होंगे?

नए उद्योग लगने से रोजगार के अवसर बढेंगे और बेरोजगारी कम होगी. उत्पादन बढेगा तो निर्यात बढेगा. आयात-निर्यात पर नियंत्रण जितना कम होगा उतना उद्योगों को लाभ होगा.

4. कच्चा माल किसे कहते हैं ?

माल तैयार करने के लिए उपयोग किए जानेवाले माल को कच्चा माल कहा जाता है.

5. भारतीयों के रहन-सहन में सुधार आने का कारण आप क्या मानते हैं ?

हम मानते हैं कि हमारी औद्योगिक प्रगति से हमारा उत्पादन और निर्यात जैसे-जैसे बढ रहा है वैसे हम भारतीयों के रहन-सहन का स्तर भी ऊँचा उठता जा रहा है.

## पाठ - 10

## श्रीनगर

1. श्रीनगर कहाँ बसा हुआ है ?

श्रीनगर, कश्मीर की घाटी में, झेलम नदी के तट पर, समुद्रतल से लगभग 1730 मीटर की ऊँचाई पर बसा हुआ है

2. श्रीनगर का प्रमुख आकर्षण क्या है ?

श्रीनगर का प्रमुख आकर्षण हैं:- डल झील, चश्मेशाही, निशात व शालीमार बाग, हज़रत बल की मसज़िद, श्री शंकाराचार्य का मंदिर.

3. शिकारा किसे कहते हैं ?

छोटे आकार की लंबी नावें जिनपर व्यापार करते है, उसे शिकारा कहते हैं.

‘4. श्रीनगर के मशहूर बाग कौन-कौन से हैं ?

श्रीनगर के मशहूर बाग चश्मेशाही, निशात व शालीमार हैं.

5. चार चिनार कहाँ पर है ?

चार चिनार डल झील के बीचों बीच है.

## पाठ-11

## शहरी जीवन

1. टैक्सी और रिक्शवालों ने लेखक को क्यों घेर लिया ?

लेखक को नया आया हुआ समझकर टैक्सी और आटोवालों ने घेर लिया.

2. शहर में नौकरी-पेशा लोगों का जीवन कठिन क्यों है ?

बिजली, पानी, मकान का किराया, फोन, अखबार, भोजन-सामग्री आदि के दाम रोज बढते जाने के कारण उनका जीवन कठिन है.

3. शहर के लोग प्राय: तनाव में क्यों रहते हैं ?

शहर की भाग-दौड से भरी जिंदगी की वजह से वे तनाव में रहते हैं.

4. कठिनाइयों के बावजूद भी लोग शहरों की ओर क्यों खींचे आते हैं ?

रोजगार के अवसर शहरों में ही अधिक है, इसलिए लोग शहरों की ओर खींचे आते हैं.

5. लेखक का मन कहाँ रमता है ?

लेखक का मन गाँव में ही रमता है.

## पाठ - 12

## अमर अश्रम

1. अमर के पिता की क्या इच्छा थी ?

   अमर के पिता को इच्छा थी कि वह बडा होकर अच्छे काम करें और अपना नाम अमर करें.

2. अमर ने अपना नाम कहाँ-कहाँ लिखा ?

   अमर ने अपना नाम रेत में, वृक्ष के तने की छाल में, प्राचीन भवन की दीवार में तथा एक चट्टान में लिखा.

3. रेत पर अमर का नाम किस तरह उड़ गया ?

   रेत पर अमर का नामतेज हवा के कारण रेत उडने से उनका नाम भी उड गया.

4. संत ने नाम अमर करने के लिए अमर को क्या सुझाव दिया ?

   संत ने कहा कि नाम अमर करना है तो उसे लोगों के हृदय पर लिखना जरूरी है और ऐसा काम करना है जिसे लोग याद रखें.

5. संत की बात का अमर पर क्या प्रभाव पड़ा ?

   संत की बात सुनकर उसने अपने घर को आश्रम में बदल दिया और पूरा जीवन जन सेवा में लगा दिया. उनका घर अमर आश्रम से प्रसिद्ध हुआ और उनका नाम भी अमर रह गया.

## पाठ-13

## प्रकृति की गोद में

1. अनंत और उसके दोस्त अब तक कहाँ पहुँचे होंगे ?

   अनंत और उसके दोस्त अब तक मनाली पहुँचे होंगे.

2. वे कहाँरुके हैं ?

   वे माल रोड से एक किलोमीटर ऊपर किसी होटल में रुके हैं.

3. उनका कल का कार्यक्रम क्या है ?

   अगले दिन सुबह उन्हें वशिष्ठ ऋषि, देवी हिडिंबा, मनु मंदिर देखने जाना है.

4. उन लोगों ने किस नदी में स्नान किया होगा ?

   उन लोगों ने व्यास नदी में स्नान किया होगा.

5. सोलांग वैली का मुख्य आकर्षण क्या है ?

   सोलांग वैली में पैराग्लाइडिंग और स्कीइंग मुख्य आकर्षण हैं.

## पाठ-14

## सपनों का महल

1. शिवनाथ बाबू का परिचय दीजिए ?

   शिवनाथ बाबू बडे खुश मिज़ाज एवं मिलनसार आदमी थे और डाक विभाग में काम करके मुंबई में रहते थे.

2. शिवनाथ बाबू नासिक में मकान क्यों बनवा रहे थे ?

   सेवानिवृत्ति के बाद शांति से जीवन बिताने के लिए वे नासिक में मकान बनवा रहे थे.

3. मकान बनवाने के लिए उन्हें किस-किस प्रकार का अवकाश लेना पडता था ?रविवार की छुट्टी राजपत्रित छुट्टी, वैकलिपक छुट्टी, प्रतिपूरक छुट्टी, आकस्मिक छुट्टी और अर्जित छुट्टी आदि लेना पडता था.

4. शिवनाथ बाबू ने नाशते की मेज पर बच्चों से क्या कहा ?
नाश्ते की मेज पर उनसे कहा कि माता-पिता बच्चों के भले के लिए सोचते रहते हैं. अगर उनका रहना उन्हें अच्छा न लगा तो वापिस मुंबई चले जाएँगे.

5. शिवनाथ बाबू ने मुंबई जाने का ख्याल अपने मन से कब निकाला ?
पत्नी और बच्चे ने अपने भूल समझकर उनसे क्षमा माँगी. तब से उन्होंने मुंबई जाने का ख्याल अपने मन से निकाला.

## पाठ - 15

## यूनीसेफ

1. बच्चों के कल्याण के लिए कार्य करने वाली संयुक्त राष्ट्र की संस्था का क्या नाम है ?
बच्चों के कल्याण के लिए कार्य करने वाली संयुक्त राष्ट्र की संस्था का नाम यूनीसेफ है.

2. बच्चों को जन्म से क्या-क्या अधिकार प्राप्त हैं ?
बच्चों को जन्म से अपना नाम, राष्ट्रीय पहचान, उचित देखभाल, अच्छा स्वास्थ्य और शिक्षा पाने का अधिकार प्राप्त हैं.

3. विटमिन ए और आयोडीन की कमी से कौन-कौन से रोग होते हैं ?
विटमिन ए और आयोडीन की कमी से घेंघा रोग, काली खाँसी, गलघोंटू रोग होते हैं.

4. संयुक्त राष्ट्र बाल निधि के कार्यकक्षा किस उद्देश्य से कार्य करते हैं ?
संयुक्त राष्ट्र बाल निधि के कार्यकक्षा नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को कम करने एवं नियंत्रित करने के उद्देश्य से कार्य करते हैं.

5. संयुक्त बाल निधि संस्था क्या सुनिश्चित करवाती है ?
बच्चों के लिंग भेद को समाप्त कर यूनीसेफ उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार सुनिश्चित करवाती है.

## पाठ-16

## स्वामी विवेकानंद

1. उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध को विशेष महत्व का क्यों माना जाता है ?
उन्नीसवीं शताब्दी में अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया. स्वामी विवेकानंद इनमें से एक थे.

2. विवेकानंद का जन्म कब हुआ ? उनके बचपन का नाम क्या है?
12 जनवरी 1863 को मकर संक्रांति के दिन कोलकाता में विवेकानंद का जन्म हुआ था.
उनके बचपन का नाम नरेन था.

3. विवेकानंद किसके शिष्य थे ?
विकानंद स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शिष्य थे.

4. अमेरिका वासियों ने उनके भाषण के प्रारंभ में प्रसन्नता क्यों व्यक्त की ?
विवेकानंद ने अपने भाषण की शुरूआत अमेरिका वासी बहनों और भाइयों के संबोधन से की. इसलिए अमेरिकावासियों ने उनके भाषण के प्रारंभ में प्रसन्नता व्यक्त की.

5. युवक दिवस क्यों मनाया जाता है

विवेकानंद को श्रद्घांजलि अर्षित करने हेतु उनके जन्म दिन को युवक दिवस के रूप में मनाया जाता है.

**पाठ-17**

**प्रदर्शनी**

1. रविवार होने पर भी लेखक बाहर क्यों नहीं जाना चाहता था ?
   लेखक पूरा दिन आराम लेना चाहते थे.इसलिए बाहर नहीं जाना चाहते थे.
2. अखबार के बडे से विज्ञापन में क्या छपा था?
   रामलीला मैदान में एक विशाल प्रदर्शनी लगने का विज्ञापन छपा था.
3. लेखक ने अपने मित्र को प्रदर्शनी के लिए मना क्यों नहीं किया?
   मित्र उनका करीबी दोस्त होने के कारण प्रदर्शनी के लिए मना नहीं किया.
4. किन स्टॉलों पर बहुत भीड थी?
   महिलाओं के कपडों के स्टॉल पर बहुत भीड थी.
5. चीजें पसंद आने पर भी लेखक ने खरीददारी क्यों नहीं की ?
   चीजों की गुणवत्ता पर विश्वास नहीं होने के कारण लेखक ने खरीददारी नहीं की.
6. थकान मिटाने के लिए लेखक तथा उनके मित्र ने क्या किया ?
   थकान मिटाने के लिए उन्होंने रेस्टोरेंट में पॉवभाजी खाकर चाय पी.

**पाठ-18**

**इंफाल की यादें**

1. लेखक को किसका पत्र प्राप्त हुआ ?
   लेखक को इंफाल से लोखन सिंह का पत्र प्राप्त हुआ.
2. लेखक की ऑखों के आगे क्या घूमने लगा?
   लेखक को इंफाल में बिताए गए दिनों की याद चलचित्र की भॉति ऑखों के सामने घूमने लगे.
3. लोखन सिंह का घर कहॉ था ?
   लोखन सिंह का घर इंफाल से लगभग 26 कि.मी. दूर बिशनपूर में था.
4. इरोम्बा क्या होता है?
   इरोम्बा इंफाल की स्वादिष्ट चटनी थी.
5. लेखक को उपहार में क्या दिया गया?
   लोखन सिंह के पिता की बनाई बंबू की टोकरी व उसकी बहन ने मणिपुरी शाल व चादर उन्हें उपकार में दी.

**पाठ-19**

**समापन समारोह**

1. इस बार समारोह की सफलता का क्या कारण था?
सभी लोगों के सतत सहयोग से समारोह सफल हुआ.
2. समारोह का मुख्य आकर्षण क्या था ?
समारोह का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम था.
3. इस बार अखबारों में किसके भाषण की प्रशंसा हुई ?
इस बार अखबारों में विशिष्ट अतिथि के भाषण की प्रशंसा हुई.
4. क्या कार्यक्रम की प्रस्तुति दूरदर्शन पर हुई ?
हाँ, कार्यक्रम की प्रस्तुति दूरदर्शन पर हुई.
5. विशिष्ट अतिथि ने अपने भाषण में हिंदी की विशिष्टता को किन शब्दों में सिद्ध किया ?
विशिष्ट अतिथि ने कहा कि हिंदी विश्व की एक महत्वपूर्ण भाषा है. हिंदी समझनेवाले लोग विश्व में हर जगह मौजूद हैं. विश्व भाषा के रूप में हिंदी के विकास, प्रचार, प्रसार के लिए प्रयास करना है.

**पाठ-20**

**परीक्षा**

1. दीवान सुजान सिंह ने महाराजा से क्या विनती की ?
दीवान ने महाराजा से विनय की कि बुढापे के कारण अब राजकाज संभालने की शक्ति उनमें नहीं रही.
2, राजा साहब ने उनकी विनती किस शर्त पर स्वीकार की ?
राजा ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर ली, पर नया दीवान नियुक्त करने की जिम्मेदारी उन्हें दी.
3, विज्ञापन से हलचल क्यों मच गई?
ऊँचा पद और किसी प्रकार का बंधन नहीं होने के कारण सारे मुल्क में हलचल मच गई.
4. बूढ़ा जौहरी किसे कहा गया है और क्यों ?
बूढ़ा जौहरी सरदार सुजानसिंह को कहा गया क्योंकि वे ही बगुलों में हंस का चयन करनेवाले हैं.
5. दीवान किसे चुना गया ? इस में क्या गुण थे ?दीवान एक युवक को चुना गया जिसके हृदय में साहस, आत्मबल और उदारता का वास है. उसका संकल्प दृढ है. वह दया और धर्म से भी न हटेगा.

**पाठ-21**

**बैठक का आयोग**

1. कौन-सी फाइल लौट आई है ?
नए पाठ्यक्रम संबंधित फाइल लौट आई है.
2. बैठक कब बुलाई जा रही है ?
उस महीने के अंत में बैठक बुलाई जा रही है.
3. समिति में कितने सदस्य होंगे ?
समिति में 20-25 सदस्य होंगे.

4. बैठक किसकी अध्यक्षता में होगी ?
बैठक सचिव महोदय की अध्यक्षता में होगी.

5. बैठक संबंधी कार्रवाई कौन कर रहे हैं ?
बैठक संबंधी कार्रवाई गणेशन व सुंदरम कर रहे हैं.

## <u>पाठ-22वार्षिक निरीक्षण</u>

1. उप सचिव के यहाँ शाखा अधिकारियों की बैठक में क्या निर्णय लिया गया था ?
यह निर्णय लिया गया कि हर अनुभाग का वार्षिक निरीक्षण जल्दी ही किया जाए और बकाया काम को निपटाने के लिए विशेष प्रयास किए जाए.

2. वार्षिक निरीक्षण के लिए किस प्रकार की पूर्व तैयारी की जानी है ?
वार्षिक निरीक्षण से पूर्व बकाया काम को निपटाने का प्रयास किया जाना है.

3. समयोपरि भत्ते की मंजूरी क्यों नहीं दी जा सकती है ?
सरकार के नीति के अनुसार समयोपरि भत्ता की मंजूरी नहीं दी जा सकती है.

4. कु.धनलक्ष्मी की छुट्टी स्थगित क्यों नहीं की जा सकती है ?
धनलक्ष्मी की छुट्टी स्थगित नहीं कीजा सकती क्योंकि अगले महीने के प्रारंभ में उनकी शादी है. उन्हें चेन्नै जाना है.

5. अनुभाग अधिकारी सहायक श्री कृष्णन की सीट क्यों बदलना चाहते हैं ?
श्री कृष्णन से उनकी यह सीट संभाली नहीं जा सकती. उनका बकाया काम अधिक है. अत: अनुभाग अधिकारी उनका सीट बदलना चाहते हैं.

**पर्यायवाची शब्द**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिवेश | वातावरण, माहौल | 22. | ऊबना | मन न लगना |
| 2. | रोमांचक | आह्लादकारी | 23. | गिरि | पहाड़ |
| 3. | पर्यटक | यात्री | 24. | अमूल्य | अनमोल |
| 4. | नौकायन | नौकाविहार | 25. | शोभा यात्रा | जुलूस |
| 5. | समीप | नज़दीक | 26. | धरोहर | अमानत |
| 6. | प्रसिद्ध | विख्यात | 27. | प्रयास | कोशिश |
| 7. | चिंता | फिक्र | 28. | प्रजा | जनता |
| 8. | आभूषण | गहने | 29. | सज़ा | दंड |
| 9. | जिद | हठ | 30. | मदद | सहायता |
| 10. | घोषणा | एलान | 31. | भवन | इमारत |
| 11. | दर्शनीय स्थल | देखने लायक स्थान | 32. | प्रतिशत | फ़ीसदी |
| 12. | लोकतंत्र | जनतंत्र, प्रजातंत्र | 33. | आसपास | इर्दगिर्द |
| 13. | भागीदारी | सहभागिता | 34. | तय करना | निश्चित करना |
| 14. | कार्यालय | दफ्तर | 35. | बातचीत | वार्तालाप |
| 15. | सरकारी | शासकीय | 36. | प्रत्याशी | उम्मीदवार |
| 16. | बुखार | ज्वर | 37. | वोट | मत |
| 17. | प्राकृतिक | नैसर्गिक | 38. | अपराध | जुर्म |
| 18. | धरती | पृथ्वी | 39. | अर्हताएँ | योग्यताएँ |
| 19. | भयानक | भयंकर | 40. | आपदा | विपदा |
| 20. | विजेता | विजयी | 41. | आंतरिक | भीतरी |
| 21. | खुशी | प्रसन्नता | 42. | आतंक | डर |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 43. | प्रगति | तरक्की, उन्नति | 78. | यातायात | परिवहन |
| 44. | स्वतंत्र | आजाद | 79. | प्रतिबंध | रोक |
| 45. | जैसा | जिस तरह/प्रकार का | 80. | आबादी | जनसंख्या |
| 46. | वैसा | उस तरह/प्रकार का | 81. | मनमोहक | आकर्षक |
| 47. | लगभग | करीब | 82. | तट | किनारा |
| 48. | विशिष्ट | खास | 83. | डरपोक | भय |
| 49. | मेहनती | परिश्रमी | 84. | उदास | खिन्न |
| 50. | इंतजार | प्रतीक्षा | 85. | दाम | कीमत/मूल्य |
| 51. | प्रणाम | नमस्कार | 86. | अवसर | मौका |
| 52. | प्राचीन | पुरातन | 87. | यात्री | मुसाफिर |
| 53. | चट्टान | शिला | 88. | सहस्र | हजार |
| 54. | निकट | समीप | 89. | ठंड | जाड़ा |
| 55. | स्थल | स्थान | 90. | अंचल | क्षेत्र |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 56. | घाटी | वादी | 91. | स्मरणीय | मनोरम |
| 57. | हकीकत | सच्चाई | 92. | लज्जा | शर्म |
| 58. | अक्सर | प्राय: | 93. | छुट्टी | अवकाश |
